एक नजर में

ट्रेक्टर ट्रालियों का लग रहा जाम मूंग खरीदी केंद्रों के बाहर मेला

शोभापुर जैसा कि सभी को ज्ञात है संपूर्ण मध्य प्रदेश में मूंग खरीदी का कार्य निरंतर जारी है जिसके चलते सरकार द्वारा समितियां बनाकर मूंग खरीदी का कार्य किया जा रहा है । और चुनिंदा चंद सरकार एवं प्रशासन से जिनका गठबंधन मजबूत है उन प्राइवेट वेयरहाउस मालिकों को मूंग फसल अपनी वेयरहाउस में रखने की अनुमति प्रदान की गई है । यहां तक बात उचित है परंतु इस लेन-देन की प्रक्रिया में आम नागरिक स्कूल के बच्चों एवं मरीज का क्या कसूर हे । सर्वप्रथम किसान खुद अपनी फसल को क्रय करने के लिए अच्छी खासी रिश्वत देकर स्टॉल बुकिंग करवाने पर मजबूर हैं । लेनदेन का खेल यहीं पर पूरा नहीं होता इसके बाद अपनी फसल को उचित दाम में बेचने हेतु समस्त परेशानियों का सामना करते हुए किसान को जो वेयरहाउस मिलता है उसके सामने अपने ट्रैक्टर ट्राली को लगाकर हफ्तों इंतजार करता हे । जिसके कारण यातायात बहुत विशाल रूप में बाधित होता है जबकि नियम अनुसार वेयरहाउस मालिकों को ही किसान के वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था करनी चाहिए । परंतु ऐसा कुछ भी नहीं होता परिणाम स्वरूप मुख्य मार्गों पर लंबे-लंबे जाम लग जाते हैं । ऐसा ही कुछ दृश्य देखने को मिला सुहागपुर तहसील के ग्राम शोभापुर भटगांव मार्ग पर जहां पर समिति द्वारा गणेश वेयरहाउस में मूंग तूलाई का कार्य निरंतर जारी है । जिसके चलते मार्ग पर प्रतिदिन जाम लग रहे हैं आम लोगों के साथ-साथ स्कूल के बच्चों की पढ़ाई पर भी काफी असर पड़ रहा है क्योंकि इस भयंकर जाम में बहुत बार स्कूल की बस फंस जाती है और बच्चे समय पर ना घर पहुंच पाते हैं और ना ही स्कूल । प्रशासन की ओर से कोई संकट वाली क्रिया जन्म ना ले इसके लिए इन हजारों ट्रैक्टर एवं हजारों किसानों के बीच केवल एक पुलिसकर्मी दिखाई दिए जो अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर रहे हैं ।

शिवभक्तों के जयघोष से गूंजी पचमढ़ी

डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये पदमशेष नागद्वार गुफा के दर्शन

पौराणिक मान्यता के अनुसार, यह स्थान पद्मशेष वासुकी नाग का निवास स्थान है। यहां हलवा, नारियल और नींबू से पूजा की जाती है।

नवभारत न्यूज

पचमढी/26,जुलाई,2025/ श्रावण मास के अंतिम सप्ताह में पचमढ़ी क्षेत्र में आयोजित नागद्वारी मेला भक्तों की आस्था, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम बन गया है। सतपुड़ा की वादियों में स्थित पवित्र नागद्वारी गुफा मंदिर की ओर बढ़ती श्रद्धालुओं की टोलियां भगवान भोलेनाथ के जयकारों और ढोल-नगाड़ों की धुन से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना रही हैं। यह आध्यात्मिक यात्रा पिछले एक सप्ताह से जारी है, जो लगभग 15 से 20 किलोमीटर के दुर्गम पहाड़ी रास्तों, झरनों और गुफाओं से होकर गुजरती है। चौरागढ़ यात्रा का पहला प्रमुख पड़ाव है, जहां परंपरागत रूप से श्रद्धालु त्रिशूल अर्पित करते हैं। इसके बाद यात्रा नागद्वारी की रहस्यमयी गुफा तक पहुंचती है, जिसे नागलोक का प्रवेश द्वार माना जाता है। यहां स्थित शिवलिंग, निरंतर गिरती जलधारा और गुफा में नाग आकृतियां इस स्थान की आध्यात्मिक महत्ता को दर्शाती हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, यह स्थान पद्मशेष वासुकी नाग का निवास स्थल रहा है। यहां हलवा, नारियल और नींबू से पूजा की जाती है। संपूर्ण यात्रा मार्ग में शिव पुराण कथाएं, भजन-कीर्तन और भक्ति संगीत का आयोजन श्रद्धालुओं को मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। इस कठिन यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए नर्मदापुरम जिला प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। रास्ते में लोहे की कृत्रिम सीढ़ियां लगाई गई हैं, कठिन चढ़ाई वाले स्थानों पर होमगार्ड के जवान श्रद्धालुओं की मदद कर रहे हैं। महादेव मेला समिति और विभिन्न शासकीय विभागों के लगभग 1000 से अधिक कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इसमें राजस्व विभाग से तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, 630 पुलिस जवान एवं वालिंटियर्स, आपदा प्रबंधन के 45 जवान, वन विभाग के 10, 70 से ज्यादा सफाई मित्र, जल प्रदाय शाखा के 30, विद्युत विभाग से 26 तथा 45 कोटवार शामिल हैं। 54 सदस्यीय चिकित्सा टीम, एंबुलेंस, प्राथमिक उपचार शिविर, और मोबाइल मेडिकल यूनिटें हर पड़ाव पर उपलब्ध हैं। अभी तक 21 सड़क दुर्घटनाओं के मरीज, 8 फ्रैक्चर केस और 24 बंदरों के काटने के मामलों का उपचार किया गया है। मेला क्षेत्र में भीड़भाड़ और संवेदनशील क्षेत्रों की ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही है, जिससे रियल टाइम मॉनिटरिंग एवं त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। पचमढ़ी से जलगली एवं महादेव जाने वाले वाहनों पर नजर रखने के लिए परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिंग की सख्त निगरानी की जा रही है और यात्रियों से निर्धारित शुल्क ही लिए जाने की समझाइश दी जा रही है। 44 सेवा मंडलों द्वारा निशुल्क भोजन, प्रसादी और रात्रि विश्राम की व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए की जा रही है, जो इस मेले को सिर्फ एक धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि सेवा और सहयोग का उदाहरण बनाती है। महादेव मेला समिति द्वारा क्षेत्र में नियमित सफाई, ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव, जल व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रशासन द्वारा नागद्वारी मेले में ड्यूटी कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारी के लिए सुपाच्य एवं पौष्टिक भोजन की भी व्यवस्था की गई है। कर्मचारियों को प्राप्त है नाश्ता तथा दोपहर एवं रात्रि के समय भोजन उनके ड्यूटी स्थल पर ही उपलब्ध करवाया जा रहा है। अब तक 419 वाहनों को परमिट जारी किए जा चुके हैं, जो बस स्टॉप से जलगली तक श्रद्धालुओं को न्यूनतम दर पर पहुंचा रहे हैं।

तवा बांध के 9 गेट 10 फिट तक खुले

इटारसी। तवा बांध के कैचमेंट एरिया और पहाड़ों पर हो रही लगातार तेज बारिश के कारण बांध के जलस्तर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। बांध के तीन गेट सबसे पहले खोले गये थे, जो पांच, सात होते हुए अब आज शाम को उनकी संख्या 9 कर दी है तथा ऊंचाई दस फीट कर दी गई है। तवा डैम का वर्तमान जल स्तर 1160.60 फ़ीट है। मौसम विभाग द्वारा आगामी 24 घंटे हेतु जारी अलर्ट चेतावनी, तथा तवा बांध के जल संग्रहण क्षेत्र में हो रही निरंतर वर्षा से बांध में जल की आवक को देखते हुए, तवा बांध के बढ़ते जलस्तर को स्थिर रखने हेतु आज शाम 6 बजे तवा बांध के 9 जलद्वारों को 10.00 फीट (प्रत्येक) खोलकर 40000 क्यूसेक की बढ़ोतरी कर कुल 1,40,000 क्यूसेक अतिरिक्त जल की निकासी की जा रही है। उक्त जल तवा नदी में छोड़ा जा रहा है। साथ ही बारना 25000 क्यूसेक से बढ़ाकर 35000 क्यूसेक एवं बरगी जलाशय 120000 क्यूसेक से भी अतिरिक्त जल की निकासी की जा रही है। तवा एवं नर्मदा नदी के किनारे बसे हुए गांव के लोगों को सतर्क रहने व नदी किनारे न जाने हेतु प्रशासन ने कहा है। वर्तमान में नर्मदापुरम में सेठानी घाट पर जलस्तर 950 फीट है तथा बांधों से छोड़े जाने वाले पानी के कारण जिसमें तेजी से बढ़ोतरी की पूर्ण संभावना है।

मैसूर में नगरीय विकास की क्लास में नगर अध्यक्षों ने सीखा स्मार्ट गवर्नेंस फार्मूला

नवभारत न्यूज

इटारसी, 26 जुलाई नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने नगर निकायों के अध्यक्षों के लिए एक ऐसा प्रशिक्षण आयोजित किया, जिसने उनकी सोच और दृष्टिकोण दोनों को नया आयाम दिया। प्रदेश के भोपाल, नर्मदापुरम और सागर संभाग के 35 नगरपालिका अध्यक्ष हाल ही में कर्नाटक के सुंदर और सुव्यवस्थित शहर मैसूर पहुंचे, जहां उन्हें नगरीय विकास, राजस्व प्रबंधन और नागरिक सेवाओं की नई तकनीकों से रूबरू कराया गया। इस प्रशिक्षण का आयोजन सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंध संस्थान के सहयोग से किया गया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में जन-प्रतिनिधियों ने न केवल थ्योरी में ज्ञान अर्जित किया, बल्कि मैसूर नगर निगम की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन भी किया।

इटारसी नगरपालिका के अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा मैसूर नगर निगम की 'पेपरलेस' व्यवस्था की रही। वर्ष 2013 से ही पूरी तरह डिजिटल हो चुका यह निकाय, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर टैक्स भुगतान तक की सारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराता है। श्री चौरे ने बताया कि वहां के नागरिक अपने मोबाइल पर ही देख सकते हैं कि उनका कितना टैक्स बाकी है और कितना जमा हो चुका है।

नर्मदापुरम नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान (भोपाल) के माध्यम से मैसूर में दो दिवसीय बजट प्रबंधन कर प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंची हैं।यहां 20 निकाय के अध्यक्ष भाग ले रहे हैं।नप के क्षेत्रीय नगर तथा पर्यावरण अध्ययन केंद्र लखनऊ द्वारा मैसूर कर्नाटक में 25 से 26 जुलाई को नगर तथा राजस्व प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण सह एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम नगरीय विकास एवं आवास विभाग करवा रहा है।नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि प्रशिक्षण दौरान बताया गया कि किस तरह से हम नपा परिषद को टेक्स के मामले में आत्मनिर्भर बना सकते हैं, यह प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा था,और इसके अलावा वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में नगरपालिका को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई गई।इस प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश की 20 नगर पालिका और नगर पंचायत के अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया था।इस प्रशिक्षण में जिले से नर्मदापुरम नपा अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, इटारसी नपा अध्यक्ष पंकज चौरे और सिवनीमालवा नपा परिषद से रितेश जैन शामिल हुए हैं।

विधायक डॉ शर्मा ने क्षेत्र के जीर्णशीर्ण भवनों की ली जानकारी

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 26 जुलाई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं होशंगाबाद विधायक डॉ सीताशरण शर्मा ने विधान सभा होशंगाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले सभी जनपद सदस्य, सरपंच, सेक्टर अधिकारी,उपयंत्री सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों के साथ वर्चुअल बैठक की।बैठक में जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे भी सम्मिलित हुये,बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र में शासकीय जर्जर एवं जीर्ण शीर्ण भवनों की जानकारी ली गई।

विधायक ने सभी सरपंचों से कहा कि जिस प्रकार राजस्थान में घटना घटित हुई है ऐसी घटना हमारे यहां नहीं हो इसके लिये हमें सतर्क रहना है।श्री शर्मा ने कहा कि जो भी भवन जर्जर हैं,तत्काल उनको डिसमेंटल कराएं एवं जो भवन पूर्ण रूप से खराब हो चुके हैं,उनके डिसमेटन की कार्यवाही करें, जो भवन सुधरने लायक होंगे हम विधायक निधि या अन्य किसी निधी से उनकी मरम्मत का कार्य कराएंगे। विधायक ने निर्देश दिये कि जिन भवनों में स्कूल आंगनवाडी या अन्य कोई शासकीय कार्यालय लग रहे हों,जो कि जर्जर अवस्था में हों,ऐसे भवनों,कार्यालयों,को तत्काल दूसरी जगह सिफ्ट करें।ज्ञात हो कि विगत दिनों राजस्थान के झालावाड़ के पिपलोदी गांव में सरकारी स्कूल के भवन की छत गिरने का मामला सामने आया था, जिससे कि काफी नुकसान हुआ था,विधानसभा होशंगाबाद में ऐसी कोई घटना घटित नहीं हो इसके लिये बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के अंत में जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सारंगपुर शाला के भवन की छत की हालत खराब, खिरकिया ब्लाक में भी हो सकती है राजस्थान के झालावाड़ जैसी घटना

खिरकिया। राजस्थान के झालावाड़ में हुई दर्दनाक घटना के बाद जहां हर कोई दुखी हैं वही मध्यप्रदेश के भी कई स्कूल किसी हादसे का इंतजार कर रहे हैं यह कहना हे उपसरपंच ऋषि विश्नोई का उन्होंने बताया ऐसे ही एक शाला खिरकिया ब्लॉक की शासकीय माध्यमिक शाला सारंगपुर भी हे जिसका अतिरिक्त भवन भी किसी घटना का ही इंतजार कर रहा है। हालांकि इस अतिरिक्त भवन में कक्षा तो संचालित नहीं होती पर स्कूल भवन के सामने होने से बच्चो का वहा आना जाना खेलना होता ही है। सारंगपुर के उपसरपंच ऋषि विश्नोई इस मुद्दे को कई बार ग्रामसभा में उठा चुके हैं। साथ ही शाला के प्रधानाध्यापक हीरालाल पिपारदे द्वारा भी कई बार ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को आवेदन सूचना दी जा चुकी हैं। उपसरपंच ऋषि विश्नोई ने कहा कि जिम्मेदारों की अनदेखी ही किसी दिन झालावाड़ जैसी घटना की वजह बनती हैं। उसके बाद सिवाय पछताने के कुछ नहीं बचता वही इस लापरवाही के कारण कई लोग इन दुर्घटनों का शिकार हो असमय हमारे बीच से चले जाते हे और उनके परिजन बेबस होकर सिर्फ़ आसु बहाते अपने घर के चिरागों को याद करते हे ।

कारगिल विजय दिवस पर शहीद स्मारक ब्यावरा में किया शहीदों को याद

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को युवा कांग्रेस नर्मदापुरम द्वारा शहीद स्मारक ब्यावरा मे शहीद विजय शंकर दुबे के समाधी स्थल पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर शहीदों को याद किया गया।

प्रदेश महासचिव फैज़ान उल हक़ ने बताया भारत माता के वीर सपूतो के साहस और पराक्रम की बदौलत हमारे देश ने शत्रुओ पर विजय प्राप्त की थी,प्रदेश सचिव गुलाम मुस्तफ़ा और आयुष्मान अवस्थी ने कहा की ये अवसर राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रण है.60 दिनों से अधिक चले युद्ध मे हमारे पराक्रमी सेनिको ने तिरंगा फहराया जो की शौर्य और बलिदान की अमरगाथा है।यह हम सबके के लिए गौरव का क्षण है। कार्यक्रम मे फैज़ान उल हक़, राजेंद्र दोहरे, गुलाम मुस्तफ़ा, आयुष्मान अवस्थी ,सिराज खान, राहुल शर्मा,मोहित दुबे,भगवान दास मीना, विजय वर्मा,आदी उपस्तिथ रहे।

सिंदूर कावड़ यात्रा का आयोजन 28 जुलाई को

माखननगर – नगर में 28जुलाई को सिंदूर कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। वर्मा सैनानी परिवार के दीपक वर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह के आतिथ्य में। विट्ठलेश सेवा समिति, श्यामा किशोरी गौ सेवा समिति,गायत्री परिवार, लायंस क्लब, पतंजलि योग साधना समिति, मनुष्य मिलन योग साधना समिति आदि के सहयोग से सिंदूर कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा 28 जुलाई को दोप बावड़ी मंदिर से निकलकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए मंगलवारा बजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर संपन्न होगी।

मांगें पूरी नहीं हुई तो किसान करेंगे उग्र आंदोलन

सिवनी मालवा सिवनी मालवा की बानापुरा कृषि उपज मंडी के विश्राम गृह में भारतीय किसान संघ की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक पश्चात तहसील कार्यालय पहुंचकर किसानों को मूंग भुगतान, खाद, बिजली, अमानक खाद बीज एवं दवाइयां का खुलेआम विक्रय की जांच कर रोकने, उपपंजीयक (रजिस्ट्रार) द्वारा भूमि क्रय विक्रय की स्टांप ड्यूटी के अलावा अतिरिक्त शुल्क लिये जाने की निष्पक्ष जांच, मंडी सचिव कि मिलीभगत से मंडी बाहर बिचौलियों द्वारा किसानों की फसल को कम दामों में खरीद बन्द कराने, ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन केन्द्रों पर बारदानों की व्यवस्था कराने सहित विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा.

जीनियस प्लानेट सेकेंडरी स्कूल में कारगिल शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

इटारसी। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कारगिल युद्ध में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए देशभक्ति गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर डायरेक्टर जाफ़र सिद्दीकी ने कारगिल के बारे में विद्यार्थियों को बताया और बताया कि कैसे हमारे सैनिकों ने कारगिल पर विजय हासिल की जिसमें कई ने अपनी शहादत दी. स्कूल के कक्षा 10 वी के छात्र मौलिक कालवे, अर्पित जैन कारगिल युद्ध पर अपने अपने विचार व्यक्त किये द्य कक्षा आठवीं की छात्रा आयुषी ने कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों पर विचार व्यक्त करते हुए शहीदों को समर्पित कविता प्रस्तुत की तथा सृष्टि चोरे ने इसी तारतम्य में कारगिल युद्ध में शहीद मेजर विक्रम बत्रा और नर्मदापुरम जिले के सपूत शहीद तोपची विजय शंकर दुबे के बारे में संपूर्ण जानकारी देते हुए अपने विचार व्यक्त किये.

कक्षा सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों में देश भक्ति नृत्य के माध्यम से श्रद्धांजलि दीद्य शिक्षक आलोक शुक्ला ने देश भक्ति कविताओं के माध्यम से समस्त विद्यालय परिवार की और से शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये. प्राचार्य मनीता सिद्दीकी ने अपने सम्बोधन में कहा की हमें हमेशा सेना के सिपाहियों का सम्मान करना चाहिए वह विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से निभाते हैं.

गिरते पानी में किया चक्काजाम

पिपरिया समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के दौरान पिपरिया बनखेडी मार्ग मछवाई पुलिया पर किसानो ने मूंग खरीदी में लेट लतीफी होने पर गिरते पानी में चक्का जाम किया. प्रशासनिक अधिकारियों की समझाईश के बाद किसान माने.

वेसँरेम संघ ने 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

इटारसी, 26 जुलाई को वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ जबलपुर जोन के महामंत्री अशोक शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे के आवाहन पर युवाओं को जोडने के तारतम्य में आज मुख्य शाखा इटारसी ने रेलवे कर्मचारियों की समस्या के लिए मंडल रेल प्रबंधक के नाम 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन प्रभारी प्रखर पाराशर को दिया। संघ ने यह मांग की है कि इटारसी ईटीएल विभाग के कर्मचारियों से अधिक कार्य कराया जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य शाखा के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी, सचिव योगेश चौरे, राजेश गौर, सत्यम चौहान, आशीष भैसारे, अजय द्विवेदी, धर्मदेव, गोपाल, उपस्थित थे। इसके पश्चात शाखा के सभी पदाधिकारी द्वारा फूल माला पहनकर स्वागत किया

देश के बहादुर बेटों के अदम्य साहस की याद दिलाता है कारगिल विजय : वर्मा

नवभारत न्यूज

हरदा, 26 जुलाई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर नगरपालिका अमर ज्योति पर वीर जवानों को किया नमन यह जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी दीपक नेमा ने बताया कि भारत में हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सन् 1999 में इस तारीख को भारत और पाकिस्तान के बीच 3 महीने तक चले युद्ध का अंत हुआ था जिसमे 527 से अधिक वीरो ने अपना बलिदान दिया एवं 1300 से अधिक सैनिक घायल हुए 20 डिग्री के माइनस तापमान दुर्गम पहाड़ीयो में हमारे सैनिको ने अदम्य साहस का परिचय दिया इसमें भारत की विजय हुई थी। आज कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। यह दिन न केवल हमें गर्व से भर देता है बल्कि यह भी याद दिलाता है कि देश की रक्षा के लिए हम सभी को हर तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह दिन देश के बहादुर बेटों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है वर्ष 1999 में पाकिस्तान ने गुपचुप तरीके से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की. उन्होंने कारगिल की ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर कब्जा जमाने की कोशिश की. भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' चलाया और बहादुरी से लड़ते हुए पाकिस्तान

के सैनिकों को पीछे खदेड़ दिया. कारगिल विजय दिवस सिर्फ एक ऐतिहासिक दिन नहीं है, यह देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है. यह दिन हमें बताता है कि जब भी देश पर खतरा आता है, हमारे सैनिक अपनी जान की परवाह किए बिना हमारी सुरक्षा करते हैं. कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज पांडे जैसे अनेक जवानों ने कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दी. कैप्टन बत्रा का संवाद ये दिल मांगे मोर आज भी लोगों की जुबान पर है. उनकी बहादुरी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है. जय हिंद. इस अवसर पर जिला महामंत्री देवीसिंह सांखला, जिला उपाध्यक्ष राजू कमेडिया, प्रहलाद पटेल, नितेश बादर, राजेश गोदारा, विजय जेव्लिया ,विक्रांत अग्रवाल आदि उपस्थित रहे ।

In The Court of I Civil Judge Class- I Itarsi
District Court Hoshangabad
Presiding Officer: श्री सुर्यपाल सिंह राठौर
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(MJC SUC/0000008/2025)
कविता डोगरे .....वादी
Vs
शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक शाखा इटारसी...प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक- 11/09/2025

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण अन्य सर्वसाधारण पता- नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम, मप्र

यह कि प्रार्थी कविता डोगरे ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 374 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 17 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
न्यायाधीश
श्री सुर्यपाल सिंह राठौर
प्रथम सिविल जज सीनियर डिवीजन इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र.
टिप्पणी :-आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 374 भारतीय उत्तराधिकार
कृपया ध्यान दें 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

कार्यालय नगरपालिका परिषद हरदा जिला – हरदा मप्र.

Mail- cmoharda@mpurban.gov.in Conn 07577222238
https://nagarpalikabarda ang Toll Free Number 18002331353
क्रमाक /सा प्र / कम्प्यू/2025/4741 हरदा, दिनाक 25.07.2025

(नियम 91(1)(क)(11))
आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन
नगरपालिका का नाम – नगरपालिका परिषद, हरदा

Gem Bid No.GEM/2025/B/6492792 दिनांक 24.07 2025 निम्नलिखित आपूर्ति के लिए निविदा मापदंडो को पूरा करने वाले सप्लायर से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है।

क्र सं	निर्माण कार्य /आपूर्तियां /सेवाएं	जिला	संभावित राशि	समापन अवधि (माह)
1	सी.सी.टी.व्ही कैमरो के वार्षिक संधारण हरदा कार्य.	हरदा	05.00 लाख	12 माह

1. इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट पर बीड देख सकता है.
2. बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोडकर बीड क्रमांक Gem Bid No. GEM/2025/B/6492792 दिनांक 08.08.2025 समय 06.00 बजे तक।
3. यदि कोई संशोधन होता है तो केवल वेबसाइड पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्र मे नहीं।
4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो श्री आलोक शुक्ल प्र.कार्यालय अधीक्षक 9926327711 पर संपर्क करें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद हरदा | अंशुल गोयल उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद हरदा | भारती राजू कमेडिया अध्यक्ष नगरपालिका परिषद हरदा